आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में बार–बार हो रही प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं के मद्देनज़र राज्य सरकार अर्ली वॉर्निंग सिस्टम स्थापित करेगी। इसके लिए जापान और दक्षिण कोरिया की अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन प्रणाली को अपनाया जाएगा। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन के चलते प्रदेश में लगातार नुकसान हो रहा है, ऐसे में अर्ली वॉर्निंग सिस्टम से आपदा से पूर्व ही लोगों को ख़तरे की जानकारी दी जा सकेगी जिससे नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार ने नदी–नालों के समीप सरकारी भवनों के निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया है और आने वाले समय में निजी व व्यावसायिक भवनों के निर्माण पर भी रोक लगाई जाएगी। इसके अलावा टी.सी.पी. नियमों में भी बदलाव किया जा रहा है।

मिंजर मेला

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का चम्बा दौरा रद्द हो गया है। मुख्यमंत्री का आज चम्बा पहुँचने का कार्यक्रम था और उन्होंने चम्बा में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेले का समापन करना था। वहीं उनके द्वारा कल 4 अगस्त को चम्बा के ऐतिहासिक चौगान से करोड़ों रूपए की विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने का कार्यक्रम था। प्रशासन के मुताबिक मौसम ख़राब होने के कारण मुख्यमंत्री का चम्बा दौरा रद्द हुआ है। अब मिंजर मेले का समापन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया करेंगे।

भूस्खलन

चंबा जिला की चड़ी पंचायत में भू–स्खलन से स्वास्थ्य केंद्र चड़ी का भवन क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्राम पंचायत चड़ी के उप–प्रधान पविंद्र कुमार ने बताया कि इससे नीचे बस रहे गांवों के करीब 40 परिवार को भी खतरा पैदा हो गया है। उधर, कुल्लू के भुंतर में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से पैदल पुल बीती रात क्षतिग्रस्त हो गया। प्रशासन ने इस पुल पर आवाजाही बंद कर दी है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से वर्षा का क्रम जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी कई स्थानों पर व्यापक वर्षा हुई है। राज्य में इस मॉनसून सीज़न के दौरान वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक एक सौ 79 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 2 सौ 89 लोग घायल हैं। अभी भी विभिन्न स्थानों पर 36 लोग लापता बताए जा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार जुलाई महीने में शिमला ज़िले में सामान्य से 70, मण्डी ज़िले में 49 जबकि कुल्लू ज़िले में 25 फीसदी अधिक बारिश हुई है। विभाग ने 4 और 5 अगस्त को भी अधिकतर ज़िलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है।

आयुर्वेद–आहार

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने आयुष मंत्रालय से परामर्श के बाद, आयुर्वेदिक आहार की एक सूची जारी की है। इससे खान–पान को लेकर भारत के सदियों पुराने ज्ञान को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी और उपभोक्ताओं व कारोबारियों में विश्वास बढ़ेगा। इसके अलावा, आयुर्वेदिक आहार उत्पाद तैयार करने के लिए कारोबारियों को भरोसेमंद संदर्भ सामग्री भी मिल सकेगी। आयुष और स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने लोगों से दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद आहार को सम्मिलित करने का आग्रह किया है।

बीएलओ–पारिश्रमिक

निर्वाचन आयोग ने मतदाता–सूची तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों–बी.एल.ओ. का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है और बी.एल.ओ. पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की है। बी.एल.ओ. का वार्षिक पारिश्रमिक छह हजार रुपये से बढाकर बारह हजार रुपये कर दिया गया है। बी.एल.ओ. की प्रोत्साहन राशि भी एक हजार से बढाकर दो हजार रुपये कर दी गई है। उधर, बी.एल.ओ. पर्यवेक्षकों को अब सालाना बारह हजार रुपये की जगह अठारह हजार रुपये मिलेंगे। अब पहली बार, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को भी मानदेय मिलेगा।

..........................................................